


नवभारत 09
इंदौर, शुक्रवार, 13 जनवरी , 2026


## एक नजर में

### अर्चना चिटनिस के सतत प्रयासों से बुरहानपुर-शाहपुर को मिले 90 लाख



**नगरीय विकास कार्यों को मिली नई रफ्तार।**

**बुरहानपुर।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के सततए लगनशील और जनहितकारी प्रयासों के परिणामस्वरूप बुरहानपुर विधानसभा के नगरीय क्षेत्रों में विकास कार्यों को नई गति मिली है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा बुरहानपुर एवं शाहपुर के लिए कुल 90 लाख रुपए की विशेष वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। श्रीमती चिटनिस ने बताया कि नगर निगम बुरहानपुर को नगरीय क्षेत्रों की सड़कों की मरम्मत एवं सुधार कार्यों के लिए 50 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है, जबकि शाहपुर नगर परिषद में अधोसंरचना विकास कार्यों के लिए 40 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। श्रीमती अर्चना चिटनिस बुरहानपुर एवं शाहपुर क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं के विस्तारए सड़कों के सुदृढ़ीकरण, अधोसंरचना विकास एवं नगरीय व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्यरत् हैं। शासन स्तर पर उनके द्वारा लगातार प्रस्ताव रखे जाने, समन्वय एवं संवाद के परिणामस्वरूप यह महत्वपूर्ण वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो रही है। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि स्वीकृति से शहर की जर्जर एवं क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मतए यातायात सुविधा में सुधारए जलनिकासी व्यवस्था एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं को मजबूती मिलेगी। इससे आम नागरिकोंए व्यापारियों एवं किसानों को बेहतर नगरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी और शहर के विकास को गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस, नगर निगम बुरहानपुर की महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल एवं शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेंद्र तिवारी ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के सहयोग से बुरहानपुर एवं शाहपुर में नगरीय विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी तथा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। क्षेत्रवासियों ने विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बुरहानपुर और शाहपुर विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हो रहे हैं और जनसेवा व विकास के प्रति उनकी लगनशीलता क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार बन रही है।

### डबल इंजन सरकार से बुरहानपुर को मिला विकास का नया आत्मविश्वास : सांसद ज्ञानेश्वर पाटील



**बुरहानपुर।** खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से सौजन्य भेंट कर बुरहानपुर जिले के समग्र और बहुआयामी विकास से संबंधित एक विस्तृत विज़न डॉक्यूमेंट पत्र सौंपा। इस अवसर पर सांसद ने जिले को आधारभूत संरचना, धार्मिक पर्यटन, कृषि शिक्षा और ग्रामीण कनेक्टिविटी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाने हेतु कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने मुख्यमंत्री से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और आपके सशक्त मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश आज विकास,सुशासन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का राष्ट्रीय मॉडल बनकर उभरा है। डबल इंजन सरकार के सकारात्मक प्रभाव से बुरहानपुर सहित मेरा संपूर्ण संसदीय क्षेत्र विकास के नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। बुरहानपुर के समग्र विकास हेतु यह मांग.पत्र आपको सौंप रहा हूं। आपका भरपूर आशीर्वाद मेरे संसदीय क्षेत्र में रहा है, मुझे पूर्ण विश्वास है कि बुरहानपुर जिले को यह सौगाते आपके द्वारा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने सांसद को विश्वास दिलाया कि इन मांगों पर सरकार द्वारा जल्द निर्णय लिया जाएगा।

**बुरहानपुर के विकास के लिए सांसद ने रखी प्रमुख मांगें :**- हवाई पट्टी एयर स्ट्रिप का सर्वे हो गया हैं इसका निर्माण जल्द हो जिससे उद्योग, व्यापार और पर्यटन को नई उड़ान मिलेगी तथा क्षेत्र राष्ट्रीय विकास धारा से जुड़ेगा। इच्छापुर स्थित इच्छादेवी मंदिर में रोपवे का निर्माण होने से श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ेगी और धार्मिक पर्यटन को नया आयाम मिलेगा। मोहना संगम का महाकाल लोक की तर्ज पर विकास होता हैं तो बुरहानपुर धार्मिक पर्यटन के राष्ट्रीय मानचित्र पर एक सशक्त पहचान बनाएगा। श्रीराम झरोखा मंदिर को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जाता है तो बुरहानपुर की पौराणिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में बड़ा कदम होंगा, नवीन कृषि महाविद्यालय की स्थापना बुरहानपुर जिले में हो जिससे किसान और युवा आधुनिक कृषि तकनीक एवं अनुसंधान से जुड़ सकेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी के लिए कई सड़को की स्वीकृति हेतु किया आग्रह।

सांसद पाटील ने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव जी के नेतृत्व में बुरहानपुर का यह विज़न निश्चित रूप से धरातल पर उतरेगा और आने वाले वर्षों में बुरहानपुर विकास, आस्था और अवसरों का केंद्र बनेगा। इस दौरान नेपानगर विधायक सुश्री मंजू दादू, मांधाता विधायक नारायण पटेल, खंडवा विधायक कंचन तंनवे आदि मौजूद रहे।

### संगीत साधना संस्था की द्वितीय वर्षगांठ मनाई




**बुरहानपुर ।** जिले में संगीत एवं साहित्य के क्षेत्र में निरंतर दो वर्षों से सतत सफ्लता पूर्वक कार्य करने वाली एक मात्र प्रतिष्ठित शासकीय मान्यता प्राप्त प्रदेश की शासकीय मान्यता प्राप्त सोसायटी को दो वर्ष पूर्ण होने पर केक काटकर विधिवत वर्षगांठ मनाई गईएअध्यक्ष विलास गोसावी ने आगामी वर्ष के प्रस्तावित कार्यक्रमों का ब्यौरा प्रस्तुत कियाएउन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हम सब इस संस्था के सदस्य हैएहर सदस्य इस का अध्यक्ष एवं पदाधिकारी है ऐसा हम मनाते है ।आने वाले वर्ष में हम और कई कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण अभ्यास सप्ताह में तीन दिन करेंगे। नए सदस्यों का में स्वागत एवं आभार व्यक्त करता हु । संस्था के सक्रिय सदस्य डॉ प्रकाश पाटिल का जन्म दिवस के अवसर पर सभी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी,सचिव रवि पांडे,कोषाध्यक्ष मधुकर वाघले , वरिष्ठ सदस्य दिलीप जोशी ,पूनमचंद पांडे ठाकुर वीरेंद्र सिंह चित्रकार,बलराम सुखदाने, गुलाब सोनार,प्रियंका यादव,कैलाश चानदोलकर,जय श्री चांदोलकर ,प्रशांत पांवड़े, डॉक्टर दीपक देवरे, सुदामा इंगले, नीलेश महाजन, प्रदीप जोशी, लालचंद खत्री,भास्कर चालस, शैलेन्द्र कपूर,जितेंद्र भावसार, दिलीप सिरतूरे एवं ओमप्रकाश मुंशी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। संचलन प्रदीप तिवारी ने किया।

## मुख्यमंत्री का जिले में भ्रमण कार्यक्रम : कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

**रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों की विस्तार से समीक्षा ।**




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर। जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित आगमन के मद्देनज़र जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियाँ जारी है। इसी कड़ी में कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। लेख है कि, विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम प्रस्तावित है, इस दौरान रोड शो भी आयोजित रहेगा।

विदित है कि 14 फरवरी, शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भ्रमण कार्यक्रम जिले में प्रस्तावित हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं सुचारू संचालन हेतु कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को कार्य-दायित्व सौंपे है। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था के नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत श्री सृजन वर्मा एवं अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान बनाये गये है।

कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं जैसे- मंच, बैठक व्यवस्था, टेण्ट-साउण्ड, पेयजल, विद्युत, यातायात, पार्किंग, सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा जनसामान्य के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम का आयोजन पूरी व्यवस्थित, सुरक्षित एवं अनुशासित रूप से किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा निर्धारित समय-सीमा में तैयारियाँ पूर्ण करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं की सतत् निगरानी रखने एवं व्यवस्थित कार्य करने के निर्देश दिये। बैठक में राजस्व, पुलिस, पंचायत, नगर निगम, स्वास्थ्य, विद्युत, लोक निर्माण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### विकास सलाहकार समिति की बैठक , विकास कार्यों पर चर्चा



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** कलेक्टर कार्यालय के मीटिंग हॉल में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। विदित है कि जिला विकास सलाहकार समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव तथा उपाध्यक्ष प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट हैं। आयोजित बैठक में बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस,नेपानगर विधायक सुश्री मंजू दादू,महापौर श्रीमती माधुरी पटेल, जन प्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री हर्ष सिंह सहित समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने जिले में किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की। उन्होंने कनेक्टिविटी से संबंधित अधोसंरचना, औद्योगिक विकास, कौशल एवं रोजगार, शिक्षा एवं खेल अधोसंरचना, स्वास्थ्य सेवाएं, नगरीय विकास, पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षा व्यवस्था, सुशासन एवं पर्यटन विकास सहित अन्य प्रमुख विषयों पर प्रगति से अवगत कराया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में कौशल विकास को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जनप्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों के सहयोग से विकास कार्यों को गति दी जा रही है। बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने अधोसंरचना अंतर्गत शासन को भेजे गए प्रस्तावों एवं प्रचलित कार्यों की जानकारी साझा की तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर चर्चा भी की। बैठक में नेपानगर विधायक सुश्री मंजू दादू ने समिति सदस्यों से जिले के विकास के लिए अपने सुझाव लिखित रूप में प्रस्तुत करने की बात कही। बैठक में विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए जिले के समग्र विकास हेतु समन्वित प्रयासों पर बल देने के लिये समिति सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किये गये।

## विकास कार्यों से घबराई कांग्रेस कर रही गलत प्रचार : डॉ .मनोज माने

**शुद्ध जलप्रदाय सहित अन्य कार्य 80 प्रतिशत प्रगति पथ पर अग्रसर ।**



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में तेजी से विकास कार्य मूर्तरूप ले रहे है जिसे आमजनमानस स्वीकार कर भाजपा को निरंतर सत्तासीन बनाए हुए है , इसी के कारण कॉग्रेस हताशा में डुब चुकी है और भाजपा सरकार में तेजी से होते विकास को देखते हुवे अंनर्गल प्रचार कर जनमानस को दिग्भ्रमीत करने के लिए झुठे आरोप लगाने की आदि बन गई है। उपरोक्त जानकारी देते हुवे भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने ने कहा कि कॉग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन उनकी हताशा का परिणाम है।

उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के बुरहानपुर आगमन की व्यवस्थाओं को लेकर निगम आयुक्त ,जिला प्रशासन द्वारा आयोजित बैठक में उपस्थित थे । इस बीच कांग्रेस द्वारा उन्हें ज्ञापन देने के लिए निगम कार्यालय में पहुंचकर उनकी अनुपस्थिति को मुद्दा बनाकर मिथ्या आरोप / प्रत्यारोप लगाए गए जो कतई उचित नहीं है , आयुक्त ने कांग्रेस अध्यक्ष से मोबाइल पर बात कर ज्ञापन लेने के लिए मीटिंग में व्यस्त रहने से न पहुंचने का अपने प्रतिनिधि के रूप में सहायक आयुक्त को ज्ञापन देने का आग्रह किया , लेकिन उनके आग्रह को न मानते हुए सहायक आयुक्त को ज्ञापन नहीं दिया गया। इस समय निगम कार्यालय में महापौर भी उपस्थित थे । उन्हें भी कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद ज्ञापन सौंप सकते थे , लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया , कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा जल प्रदाय, सड़कों सहित अन्य विषयों को लेकर मनगढ़ंत आरोप लगाए वह भी असत्य है। डॉ. माने ने कहा कि इंदौर में दूषित पानी से हुई दुखद घटना के बाद शासन स्तर पर भी सभी शहरों के पेयजल की शुद्धता को लेकर सतत मॉनिटरिंग हो रही है ,जिसमें बुरहानपुर में हो रहे जलप्रदाय के सेम्पल की जांच में यहाँ जलप्रदाय होने वाला पानी शुद्ध और अच्छी गुणवत्ता का है नगर की सड़कों को लेकर की गई शिकायत भी सही नहीं है नगर की 80 प्रतिशत सड़को के सुधार नव निर्माण और संरक्षण संबंधी कार्य तेज गति से चल रहे है ,महापौर निर्माणाधीन एवं निर्मित सड़कों का सतत निरीक्षण कर रहे है ,उनके निर्देश पर ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है । ताप्ती जलावर्धन के कार्यों को भी गति प्रदान की गई है। नालो का दूषित जल ताप्ती नदी मे नहीं मिले इसकी योजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है पुराने एवं नये कचरे के निपटान की प्रक्रिया भी गतिशील है, इस प्रकार अनेक कार्य चल रहे हैं जो कार्य व्यापक जनहित में किये जा रहे हैं इससे भाजपा के बढते जनाधार से कांग्रेस को लगने लगा है कि बचा हुआ जनाधार भी हाथ से न निकल जाए इसको लेकर चिंतित कांग्रेस एसआईआर ,पेयजल, सड़कों को लेकर गलत निराधार प्रचार कर जन सामान्य को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है, इसका हर स्तर पर जवाब जनता के बीच सही जानकारी रखी जाएगी।

आपने कहा कि जन भावनाओं का सम्मान करते हुए महापौर माधुरी अतुल पटेल के द्वारा किए जा रहे कार्य नगर को स्वस्थ, सुन्दर बनाने के लिए दृढ संकल्पित है। कांग्रेस को अपनी विपक्ष की नैतिक जवाबदारी को समझना होगा , कॉगेस के शासन एवं कार्यकाल में नगर की सडको, पेयजल एवं सफाई की बदतर स्थिति थी ,आज तुलनात्मक रूप से नगर की सडको, पेयजल, साफसफाई की व्यवस्था में जो सुधार हुआ है जनता इसे जानती है।

## पुलिस अधीक्षक ने निर्माणाधीन पुलिस पेट्रोल पंप के कार्य का किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार द्वारा जिले में निर्माणाधीन पुलिस पेट्रोल पंप का दिनांक 12/02/2026 को निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं समय.सीमा की बारीकी से समीक्षा की संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्धारित समय.सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता बनाए रखने तथा सभी तकनीकी मानकों का पूर्णत: पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए फायर सेफ्टीए इलेक्ट्रिकल सेफ्टी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने हेतु निर्देशित किया गया। पेट्रोल पंप परिसर में वाहनों की सुचारु आवाजाही,पार्किंग व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन को सुव्यवस्थित रखने के लिए आवश्यक डिज़ाइन एवं ले.आउट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों से कार्य की प्रगति रिपोर्ट ली गई ।

## शाहपुर में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर




**नवभारत न्यूज, शाहपुर।** जिले के शाहपुर नगर में शासन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर एवं नगर पालिका अध्यक्ष साधना वीरेन्द्र तिवारी के आदेशानुसार तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान के मार्गदर्शन में नगरीय क्षेत्र शाहपुर में संकल्प से समाधान अभियान का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान दिनांक 12 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक संचालित किया जा रहा हैए जिसके अंतर्गत भारत सरकार एवं राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को समय.सीमा में लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 12 फ़रवरी 2026 को वार्ड क्रमांक 8 में आंगनवाड़ी भवन में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वृद्धावस्था पेंशन ;15द्धए दिव्यांग पेंशन 2,मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना 2 , मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन 1 जन्म प्रमाण पत्र 16,विवाह प्रमाण पत्र 2 ,मृत्यु प्रमाण पत्र 4 एवं आयुष्मान कार्ड 2 सहित कुल 44 आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में उपाध्यक्ष प्रतिनिधी गोपाल चौधरीए पार्षद पवन बडोले, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान, विक्की पाटिल एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चोरी की क्वाइल, आइल बेचकर लाखों कमाए, 2 पकड़ाए, 4 फरार



**नवभारत न्यूज,नेपानगर।** पुलिस ने एक ऐसे अंतरराज्यीय डीपी से आइल,क्वाइल चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पकड़ा है जो लंबे समय से क्षेत्र में चोरी की क्वाइल चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। पूछताछ करने पर चार अन्य आरोपियों के बारे में भी पता चला हैए लेकिन वह फ़िलहाल फ़रार हैं।

दरअसल नेपानगर क्षेत्र के गांवों में लंबे समय से डीपी से क्वाइलए आइल चोरी की वारदातें हो रही थीए लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही थी। कई किसान तो शिकायत ही नहीं करते थे, क्योंकि कार्रवाई नहीं होती थीए लेकिन इस बार पुलिस ने इस मामले में सक्रियता दिखाते हुए कार्रवाई की। सीवल क्षेत्र में 1 फ़रवरी को भी एक खेत से चोरी की वारदात हुई थी जबकि 9 फ़रवरी को भी इसी क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने डीपी गिराकर क्वाइल चुराई थी। 10 फ़रवरी को नेपा थाना पुलिस ने दो एफ़आईआर दर्ज कर मामला जांच में लिया था। नेपा थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल ने बताया चोरी के आरोपियों अकरम पिता असलम खान निवासी सावदा जिला जलगांव और षरीफ़पिता नसीर तड़वी निवासी सावदा को रंगे हाथों चोरी करते पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने चार अन्य के नाम बताए हैं जिनकी तलाश की जा रही है। इनमें एक फ़रार आरोपी का नाम मेहमूद है जो मास्टर माइंड है।

## अज्ञात वन्यप्राणी ने भैंस के पाड़ों पर किया हमला



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** क्षेत्र में एक बार फ़िर से अज्ञात वन्यप्राणी की दस्तक से लोग चिंतित हैं। इस बार नगर से सटे रतागढ़ क्षेत्र में अज्ञात वन्यप्राणी की मूवमेंट है। बुधवार शाम वन्यप्राणी ने भैंस के दो पाड़ों को हमले का शिकार बनाया। वन विभाग को सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची। मामले की जांच की जा रही है।

ग्रामीण हरिदास ओंकार काटे के अनुसार अज्ञात वन्यप्राणी तीन तीन साल के दो भैंस के पाड़ों को नाले में घसीट कर ले गया। मौके से वन्यप्राणी के पगमार्क भी मिले हैं। ग्रामीणों में इस घटना से दहशत का माहौल है। गांव से लगे बाड़े के पास बच्चे शाम तक खेलते हैं और कई ग्रामीण अपने पशु भी यहीं बांधते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 15 दिन पहले श्रीराम सावले का एक बैल भी इसी तरह के हमले का शिकार हुआ था। चरवाहे और मजदूर खेतों में जाने से डर रहे हैं। वहीं डीएफ़ओ विद्याभूषण सिंह ने कहा वन्यप्राणी से पशुओं के नुकसान पर वन विभाग की ओर से मुआवजा दिया जाता है। इस मामले भी जांच कराकर मुआवजा दिया जाएगा।

## विद्यार्थियों का नर्मदा नदी के तट पर बने मां अहिल्याबाई किले का भ्रमण



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सेवासदन महाविद्यालय के विज्ञान संकाय (बी.एस.सी. बायो) के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक नगर महेष्वर का शैक्षणिक भ्रमण किया। यहां विद्यार्थियों द्वारा प्रमुख रूप से नर्मदा नदी के तट पर बने मां अहिल्याबाई किले का भ्रमण किया गया। किले में मुख्य रूप से मराठा स्थापत्य शैली, स्थानीय मालवा शैली एवं राजपूत शैली का प्रभाव को जाना एवं किले में देवी अहिल्याबाई होलकर का दरबार, निवास तथा संग्रहालय के बारे में विस्तृत जानकारी एकत्रित की।

साथ ही महेष्वर शहर में निर्मित विष्व प्रसिद्ध महेश्वरी साडियों का हस्तकरघा द्वारा बुनाई करने की कला को भी जाना।

सेवासदन शिक्षा समिति अध्यक्ष श्रीमति तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर, सचिव हसमुखलाल जरीवाला, प्रबंधक श्री मनीष पटेल, एवं प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकील द्वारा इस शैक्षणिक भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया तथा भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करने की बात कही।

उक्त शैक्षणिक भ्रमण विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद दुबे के नेतृत्व एवं प्रो. कृष्णा बारी, प्रो. योगिता महाजन, प्रो. नितिन भाल्डे, प्रो. हिमांषु धामंदेकर, श्रीमति षिवानी रेवापति की उपस्थिति में सफ्लता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

**एक नजर**

**संस्था अध्यक्ष राखी मिश्रा एवं उपाध्यक्ष अनिल जैन ने रिबन काटकर किया शुभारंभ**

## बिम्ट्स खेल महोत्सव का शुभांरभ, विद्यार्थियों में उत्साह






**बुरहानपुर।** ग्राम झिरी स्थित ईस्वम एकेडमी ऑफ टेक्निकल एंड जनरल एजुकेशन द्वारा संचालित प्रोप्तबृजमोहन मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेस बिम्ट्स बुरहानपुर में बिम्ट्स खेल महोत्सव.2026 का भव्य आयोजन प्रारंभ हो गया है। खेल महोत्सव का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में विधिवत किया गया।

खेल महोत्सव अंतर्गत 17 फ़रवरी 2026 तक विविध खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। महाविद्यालय में प्रतिवर्ष विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से शैक्षणिक, बौद्धिक एवं शारीरिक गतिविधियों के साथ खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी सप्ताह भर खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। बिम्ट्स खेल महोत्सव.2026 विद्यार्थियों में खेल भावना,टीमवर्क एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने के साथ.साथ शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**मार्चपास्ट एवं मशाल प्रज्वलन के साथ शुभारंभ:**-खेल महोत्सव के प्रथम दिवस विद्यार्थियों द्वारा अनुशासित मार्चपास्ट किया गया। एप्लाइड एवं सोशल साइंस,पैरामेडिकल,नर्सिंग एवं फार्मेसी विभागों के विद्यार्थियों की टीमों ने मार्चपास्ट कर खेल भावना का संदेश दिया। इसके पश्चात खेल मशाल प्रज्वलित कर प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निंबोला थाना प्रभारी राहुल कामले रहे।

संस्था अध्यक्षा राखी मिश्रा एवं उपाध्यक्ष अनिल जैन ने रिबन काटकर स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी विशाल गोजरे, प्राचार्य सैय्यद आसिफ अली, डॉ.जैनुद्दीन अली,डॉ.शीतल पाटीदार, शैलेन्द्र उपाध्याय एवं राजू पटेल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

छात्र एवं छात्राओं के लिए 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ एवं 400 मीटर रिले दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई,

**सप्ताह भर होंगी विविध खेल प्रतियोगिताएँ:**-खेल महोत्सव के दौरान सप्ताह भर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी, जिनमें वॉलीबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, खो.खो, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, लगोरी, रस्साकशी सहित अन्य इनडोर एवं आउटडोर खेल शामिल हैं।

खेल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर संस्था अध्यक्ष श्रीमती राखी मिश्रा, उपाध्यक्ष अनिल जैन, सचिव अमित मिश्रा, प्राचार्य सैय्यद आसिफअली, प्रशासनिक अधिकारी विशाल गोजरे सहित समस्त स्टाफ ने प्रतियोगी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया ।